भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2641

02 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए नियत

फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण का क्रियान्वयन

2641. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में फास्टर अडॉपशन एण्ड मैंनूफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड) इलेक्ट्रिक व्हिक्ल्स इन इंडिया योजना के चरण-।। के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) महाराष्ट्र राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए चार्जिंग स्टेशनों का शहर-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में सरकार के पास लंबित प्रस्तावों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार के पास ऐसी दूरी/सीमा तय करने का कोई प्रस्ताव है जिसमें कम से कम एक ईवी चार्जिंग स्टेशन हो और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क): महोदय, देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए, भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (फेम इंडिया) स्कीम का चरण-II 01 अप्रैल 2019 से 5 वर्ष की अवधि के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता से स्कीम कार्यान्वित किया जा रहा है। इस चरण में सार्वजनिक और साझा परिवहन के विद्युतीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है और सब्सिडी के माध्यम से 7090 ई-बसों, 5 लाख ई-तिपहिया, 55000 ई-चौपहिया यात्री कारों और 10 लाख ई-दुपहिया वाहनों के लिए सहायता प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रिक वाहन के प्रयोक्ताओं के बीच रेंज संबंधी चिंता के निराकरण के लिए चार्जिंग अवसंरचना सृजन के लिए भी सहायता दी जाती है।

फ़ेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत, मांग प्रोत्साहन के माध्यम से 15.07.2022 तक 4.7 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सहायता दी गई है। भारी उद्योग मंत्रालय ने स्कीम के तहत 26 राज्यों/संघ राज्यक्षत्रों में इंट्रासिटी और इंटरसिटी प्रचालन के लिए 65 शहरों/एसटीयू/सीटीयू/राज्य सरकार की इकाइयों के लिए 6315 ई-बसों की स्वीकृति दी है। इस मंत्रालय ने 25 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के 68 शहरों में 2,877 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की स्वीकृति दी है। साथ ही, फ़ेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत, 9 एक्सप्रेसवे और 16 राजमार्गों पर 1576 चार्जिंग स्टेशनों को भी मंजूरी दी गई है।

(ख): महोदय, भारी उद्योग मंत्रालय ने फ़ेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य के मुंबई में 229 चार्जिंग स्टेशनों, नासिक में 25 चार्जिंग स्टेशनों, नागपुर में 38 चार्जिंग स्टेशनों और ठाणे में 25 चार्जिंग स्टेशनों की स्वीकृति दी है। इसके अतिरिक्त, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, 01.07.2022 की स्थिति तक महाराष्ट्र राज्य में तेल विपणन कंपनियों के खुदरा बिक्री केन्द्रों पर 183 इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं।

(ग): महोदय, ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(घ): विद्युत मंत्रालय के अनुसार, राजमार्गों के दोनों ओर प्रत्येक 25 किलोमीटर पर कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन तथा लंबी दूरी/अधिक क्षमता वाले भारी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए राजमार्गों के किनारे दोनों ओर प्रत्येक 100 किलोमीटर पर कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन होगा। नगर के लिए 3 कि.मी. X 3 कि.मी. के दायरे में कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

*****